नोट छापने की मशीन के साथ 6 गिरफ्तार, 7 लाख रुपये के नकली नोट बरामद

Janjgir News in Hindi

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चापा में नकली नोट बनाने और खपाने वाले गिरोह का पर्दाफास पुलिस ने किया है.

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चापा में नकली नोट बनाने और खपाने वाले गिरोह का खुलासा किया गया है. इसके अन्य सदस्यों के बारे में पता लगाया जा रहा है.

NEWS18 CHHATTISGARH

LAST UPDATED: JUNE 20, 2019, 6:43 PM IST

Rohit Shukla

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चापा में पुलिस ने नकली नोट छापने और खपाने वाले गिरोह का खुलासा किया है. पुलिस ने मामले में गिरोह के मास्टरमाइंड सहित 6 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है. साथ ही 7 लाख 27 हजार रुपए के नकली नोट भी जब्त किए गए हैं. आरोपियों के पास से नोट छापने की मशीन, नकली स्टाम्प पेपर, प्रिंटर, स्कैनर, कम्प्यूटर और पेपर जब्त किया गया है.

जांजगीर के हसौद थाना क्षेत्र की पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है. इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपियों ने कुल कितना नकली नोट खपाया है. साथ ही किन इलाकों को वो टारगेट करते थे. इसके अलावा गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है. पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह को कुछ लोग बाहर से समर्थन कर रहे थे. पुलिस उनको लेकर भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

Source: https://hindi.news18.com/news/chhattisgarh/janjgir-released-fake-note-of-rs-7-lakh-6-arrested-with-note-printing-machine-cgnt-2121802.html